LGP CO-OP SOCIETY LTD.

एकता शक्ति प्रगति

लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, कुडू

निबंधन सं – जे.के.ड़ी.01/01/ओ.टी.एच.001/2002



वार्षिक प्रतिवेदन

2025-26



निर्देशक मंडल

क्र.सं	सदस्य का नाम	ग्राम	पद
1	दयामनी देवी	कुन्दगड़ा	अध्यक्ष
2	दयामनी मुंडाईन	डोरोटोली	उपाध्यक्ष
3	प्रतिमा उराँव	बारीडीह	कार्यकारिणी सदस्य
4	शीलवनती उराईन	जिदो	कार्यकारिणी सदस्य
5	मयंती देवी	टिको	कार्यकारिणी सदस्य
6	अंगनी देवी	महतोटोली	कार्यकारिणी सदस्य
7	सरिता कुंजुर	महुआटोली	कार्यकारिणी सदस्य
8	बसंती देवी	गोपीटोली	कार्यकारिणी सदस्य
9	बुधमनी देवी	बरवाटोली	कार्यकारिणी सदस्य
10	जगमनी देवी	सलगी चुंद	कार्यकारिणी सदस्य
11	देवमणि देवी	धौरा	कार्यकारिणी सदस्य
12	चिंता भगत	सरनाटोली	आमंत्रित कार्यकारिणी सदस्य



लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति लिमिटेड, कुडू (लोहरदगा)

समिति का संक्षिप्त परिचय

लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति लिमिटेड कुडू, लोहरदगा निबन्धन संख्या J.K.D01/01/O.T.H.001/2002 का निबन्धन झारखण्ड स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 में निबंधक सहकारी समितियाँ झारखण्ड सरकार के अंतर्गत किया गया है।

समिति का निबंधित कार्यालय - श्री साई कॉम्पलेक्स कुडू जिला लोहरदगा, झारखण्ड है। वर्ष2002-03 में मात्र 161 सदस्याओं को लेकर इस सहकारी समिति का गठन हुआ था। जो वर्ष 2025-26 तक 741 का एक समूह बन गया है। इस समिति को बनाने का उदेश्य मुगी पालन के माध्यम से गाँव के गरीब महिलाओं को आजीविका का स्थानीय श्रोत करा सहकारी समिति का लक्ष्य था मुर्गीपालन के हर पहलू में सदस्याओं को मदद करना व उनके लिए दाना, दवा, व चूजा का बन्दोबस्त करना व समय पर मुर्गी का बिक्री करना।

लक्ष्य

ग्रामीण महिलाओं को सहकारी समिति के सहायता से आजीविका का स्थायी श्रोत उपलब्ध कराकर स्थावलबी एवं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ एवं आत्मनिर्भर बनाना है।

मिशन

- ग्रामीण महिलाओं को सहकारी संस्था के अंतर्गत संगठित करना ।
- ग्रामीण महिलाओं के द्वारा जीविका का एक स्थायी विकल्प कराना जो बड़े उद्योग के मापदण्डके अनुरूप हो।
- सदस्यों को उत्पादन एवं विपणन बाजार के अनिश्चिता से सामना करने के लिए बेहतर प्रबंधन एवं एकनिकी सहायता देना एवं लेन देन के लिए अधिक समर्थ बनाना।

लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा सदस्यों को दी जाने वाली सेवाएं

- मुर्गी पालने के लिए उन्नत एवं गुणवत्ता युक्त कच्चे माल जैसे चुजा, दाना, दवाई, वैक्सीन, कुन्नी आदि अपने गाँव घर तक सही समय पर उपलब्ध कराना।
- मुर्गी तैयार होने पर समिति द्वारा बिक्री का व्यावस्था करना।
- मुर्गीपालन का आवश्यक प्रषिक्षण, चिकित्सा का सही जानकारी सदस्यो को उपलब्ध करना।
- समिति के द्वारा तकनीकी सहायता प्रदान कराना ।

- ❖ कार्य सम्पादन के लिए उपकरण, कार्यशील पूंजीका व्यावस्था कराना ।
- ❖ समिति के द्वारा महिलाओ को प्रत्येक बैच में मुर्गीपालन कराना ।
- ❖ समिति के द्वारा महिलाओ को सुरक्षा प्रदान कराना ।
- ❖ सभी सदस्यों एवं उनके पति का संघ के द्वारा बीमा करना ।

वर्ष 2025-26 का उपलब्धियां

सक्रिय सदस्य	औसत दिन	औसत वजन	F.C.R	औसत मृत्यु दर%	औसत E.I
243	**33.09**	**1.97**	**1.55**	**6.99**	**359**

वर्ष 2025-26 में सहकारी समिति द्वारा कुल 10 करोड़ 63 लाख 26 हजार 2 सौ 56 रूपये 31 पैसे का व्यावसाय किया गया ।

- ❖ कुल 9 करोड़ 65 लाख 38 हजार 4 सौ 89 रूपय 67 पैसे का कच्चा सामिग्री मुर्गीपालन हेतु इस्तेमाल किया गया, जिसमें चुजा, दाना, दवा, उपकरण वैक्सीन शामिल है।
- ❖ समिति में कुल 5 लाख 60 हजार 1 सौ 35 चुजा डाला गया एंव कुल 10 सौ 95 टन 9 क्विंटल 12 किलो 600 ग्राम मुर्गी बेचा गया ।
- ❖ वर्ष 2025-26 में कुल 243 सक्रिय सदस्यो ने 1300 बैच मुर्गी पालन की है।
- ❖ सदस्यों के बीच कुल 76 लाख 78 हजार 4 सौ 37 रूपय ग्रोवर चार्ज (सदस्यो को मुनाफा) बांटा गया।
- ❖ सभी कर्मचारी एवं उनके परिवार का स्वास्थ बीमा एवं दुर्घटना बीमा समिति द्वारा किया गया।
- ❖ सभी सदस्यो व उनके पति का बीमा संघ द्वारा कराया गया ।
- ❖ सदस्यो को भुगतान बैंक द्वारा कराया गया ।

अध्यक्षीय संबोधन

आदरणीय अतिथिगण, समिति के पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं सभी दीदियाँ,

मैं, दयामनी देवी, लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति लिमिटेड की अध्यक्षा, समिति की 24वीं वार्षिक आम सभा में उपस्थित आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती हूँ।

जैसा कि आप सभी जानते हैं, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हम अपनी वार्षिक आम सभा के लिए यहाँ एकत्रित हुए हैं। इस सभा में पिछले वर्ष का लेखा-जोखा, नए वर्ष की योजना एवं बजट तथा समिति के उपनियमों में आवश्यक संशोधन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

हमारी समिति का मुख्य उद्देश्य गाँव की गरीब एवं लघु महिला किसानों को मुर्गीपालन के माध्यम से स्थानीय स्तर पर आजीविका का साधन उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। वर्ष 2002 से हमारी समिति इसी उद्देश्य के साथ निरंतर कार्य कर रही है। आज हमें गर्व है कि हमारी सदस्य संख्या 161 से बढ़कर 741 हो गई है।

आज हमारी दीदियाँ घर के काम और खेती-बाड़ी के साथ मुर्गीपालन कर औसतन 40 से 45 हजार रुपये वार्षिक आय अर्जित कर रही हैं। इससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने, बच्चों की शिक्षा और परिवार के महत्वपूर्ण निर्णयों में अपनी भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ समाज के विकास में भी योगदान दे रही हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 पोल्ट्री व्यवसाय के लिए चुनौतीपूर्ण रहा। कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि और बाजार में मुर्गी के भाव में गिरावट के कारण उत्पादन लागत बढ़ी। इसके बावजूद वर्ष के अंत तक हमने अपनी कुल क्षमता का 82 प्रतिशत चूजा प्लेसमेंट किया और समिति का कुल टर्नओवर 10 करोड़ 63 लाख 26 हजार 256 रुपये 31 पैसे रहा।

इस वर्ष कुल 241 सदस्यों ने 1,300 बैच मुर्गीपालन किया तथा सदस्यों के बीच कुल 76 लाख 78 हजार रुपये ग्रोवर चार्ज के रूप में वितरित किए गए। समिति को वर्ष के अंत में 2 लाख 22 हजार 450 रुपये 87 पैसे का मुनाफा हुआ।

इस सफलता के लिए मैं सभी दीदियों को हृदय से धन्यवाद देती हूँ। यह केवल मुनाफे की बात नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की मेहनत, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की कहानी है।

समिति को सुचारू रूप से चलाने में हमारे प्रबंधक, मार्केटिंग सहायक, एकाउंटेंट, बैच एकाउंटेंट, सुपरवाइजर एवं सेंट्रल सुपरवाइजर लगातार अपना योगदान दे रहे हैं। मैं सभी को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूँ।

हमें गर्व है कि लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति लिमिटेड ने सहकारी व्यवस्था के माध्यम से मुर्गीपालन के क्षेत्र में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम सभी मिलकर इसे और मजबूत बनाएं।

मैं हमारे संघ झारखण्ड महिला स्वावलंबी पोल्ट्री सहकारी संघ लिमिटेड को भी हृदय से धन्यवाद देती हूँ, जिन्होंने कठिन समय में हमारा साथ दिया और हमेशा हमारा मार्गदर्शन किया। हम आशा करते हैं कि आगे भी उनका सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

मैं सभी दीदियों से आग्रह करती हूँ कि वे समिति से मजबूती से जुड़ी रहें, मुर्गीपालन में रुचि लें, समिति के नियमों का ईमानदारी से पालन करें और व्यवसाय को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें। समिति की सफलता केवल किसी एक व्यक्ति के प्रयास से नहीं, बल्कि हम सभी के मिलकर काम करने से संभव है।

अंत में, मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद करती हूँ। आपकी उपस्थिति और सहयोग से ही यह वार्षिक आम सभा सफल हुई है। यदि हम इसी तरह एकजुट होकर मेहनत करते रहेंगे, तो हमारी समिति और हमारी सभी दीदियाँ निश्चित रूप से आगे बढ़ेंगी। इसी आशा और विश्वास के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देती हूँ।

जय जोहार! जय सहकारी! जय महिला शक्ति!

धन्यवाद!



वर्ष 2026-27 की कार्य योजना

वर्ष 2026-27 की कार्य योजना इस प्रकार है

- वितीय वर्ष 2025-26 में हमने 243 सदश्यों के साथ मुर्गी पालन का कार्य किये है जो इस वर्ष 265 सदश्यो के साथ मुर्गी पालन का काम करना है।
- वर्ष भर में 1600 बैच मुर्गी पालने का लक्ष्य रखा गया है।
- 7 लाख 20 हजार चूजा प्लेसमेंट का लक्ष्य रखा गया है।
- मुर्गी का उत्पादन 12 लाख 49 हजार 46 किलो का लक्ष्य रखा गया है।
- कुल 13 करोड़ 32 लाख 31 हजार 6 सौ 55 रुपैया का व्यवसाय का लक्ष्य तय किया गया है।
- सदस्यों का ग्रोवर चार्ज 93 लाख 42 हजार 8 सो 70 रुपय देने का योजना है।
- सदस्यों को समय समय पर सभी तरह की ट्रेनिंग दिलाना।
- कार्यकारिणी सदस्यों का लीडरशिप ट्रेनिंग संघ की मदद से करना है।

समिति का पिछला 4 साल का व्यवसाय एवं उत्पादन प्रदर्शन

क्र.सं.	वर्ष	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
1	समिति का कार्यक्षेत्र गाँवों की सं.	14	14	14	14
2	कुल अंशधारक सदस्या	684	732	741	741
3	कुल चूजा प्लेसमेंट सं.	625,164.00	511,288.00	541,457.00	583,971.00
4	औसत दिन	34.00	34.03	32.18	32.79
5	औसत वजन	1.83	1.97	1.90	1.95
6	ऍफ सी आर	1.58	1.62	1.51	1.54
7	औसत मृत्यु दर	5.50	6.52	7.64	7.28
8	EI	321	337	363	357
9	कुल मुर्गी उत्पादन(किलो)	970,733.50	937,565.00	1,027,054.60	1,095,912.60
10	कुल ग्रोवर चार्ज वितरण	5,870,196.00	6,300,153.00	7,220,704.00	76,78,437.00
11	कुल व्यवसाय	97,775,801.21	89,082,377.23	102,634,155.30	106,326,256.31



वर्ष 2025-26 के उत्कृष्ट मुर्गीपालक सदस्यों की सूचि एवं उत्पादन का विवरण

सम्पुर्ण समिति में सर्वश्रेष्ठ मुर्गीपालक सदस्य

क्र.सं.	सदस्य के नाम	गाँव	कोड	बैच	कुल चूजा प्लेसमेंट	मृत्यु	कुल बिक्री संख्या	कुल बिक्री वजन	दिन	औसत वजन	ऍफ सी आर	मृत्यु दर	EI	कुल ग्रोवर चार्ज
1	कलावती देवी	कुंदगडा	0513	6	2974	179	2795	5611.0	32.06	2.01	1.47	6.02	401	41,396
2	बंदिया देवी	कुंदगडा	0503	6	4401	282	4119	8676.6	33.14	2.11	1.50	6.41	398	64,085
3	जीरा देवी	महतोटोली	1805	6	3622	238	3384	6981.3	32.97	2.06	1.47	6.57	397	51,787

- **समिति का उत्कृष्ट सुपरवाइजर (QMS)**
  1. **सुलेंद्र भगत, गाँव: - महतोटोली**
  2. **सिकंदर राम, गाँव: - गोपीटोली**
- **संपूर्ण समिति में सर्वश्रेष्ठ सुपरवाइजर**


नाम	गाँव	सदस्य सं	बैच	कुल चूजा प्लेसमेंट	मृत्यु सं	कुल बिक्री संख्या	कुल बिक्री वजन	दिन	औसत वजन	ऍफ सी आर	मृत्यु दर	EI	SP wages
वीरेंद्र उरांव	कुंदगडा & गर्भुटोली	26	6	81632	5517	76115	154917.2	33.36	2.03	1.52	6.97	374	152,153

- **समिति के लखपति दीदीयां (वर्ष 2025-26)**

क्र.सं	सदस्य के नाम	गाँव	बैच	कुल चूजा प्लेसमेंट	औसत दिन	औसत वजन	ऍफ सी आर	औसत मृत्यु दर	औसत EI	कुल ग्रोवर चार्ज
1	रीता देवी	गोपिटोली	6	9038	32.53	1.98	1.49	5.57	384	1,22,472
2	सविता देवी	गोपिटोली	6	7925	33.02	2.00	1.50	5.65	380	1,07,376

संपूर्ण समिति में सालाना 50,000 से अधिक ग्रोवर चार्ज प्राप्त किए हुए सदस्यों की सूची

क्र.सं	सदस्य के नाम	गाँव	बैच	कुल चूजा प्लेसमेंट	औसत दिन	औसत वजन	ऍफ सी आर	औसत मृत्यु दर	औसत EI	कुल ग्रोवर चार्ज
1	रीता देवी	गोपिटोली	6	9038	32.53	1.98	1.49	5.57	384	1,22,472
2	सविता देवी	गोपिटोली	6	7925	33.02	2.00	1.50	5.65	380	1,07,376
3	बसंती देवी	गोपिटोली	6	7634	32.76	1.95	1.55	5.15	363	97,805
4	हेमवंति देवी	महुवाटोली	7	7523	31.99	1.91	1.50	6.42	371	97,449
5	प्रमिला देवी	महुवाटोली	7	6277	31.96	1.90	1.50	6.36	370	78,807
6	राजकुमारी उरांव	महतोटोली	6	5230	32.13	1.90	1.50	6.94	367	65,470
7	सुषमा देवी	महतोटोली	6	4395	34.87	2.16	1.53	6.40	381	64,224
8	बंदिया देवी	कुंदगडा	6	4401	33.14	2.10	1.50	6.36	398	64,086
9	प्रमिला देवी	कुंदगडा	6	4861	31.85	1.88	1.44	5.40	386	62,847
10	पचोला देवी	कुंदगडा	6	4439	32.07	1.99	1.48	6.17	392	61,034
11	बिरसमनी देवी	गोपिटोली	6	4282	33.12	1.93	1.49	4.46	372	56,500
12	कुंती देवी	डोरोटोली	6	4332	32.67	1.92	1.51	4.47	368	56,348
13	मनीषा उरांव	महुवाटोली	7	4004	32.16	2.00	1.51	5.30	385	55,709
14	कमल उराईन	महतोटोली	6	4019	33.55	2.04	1.55	7.28	365	53,323
15	पिंकी देवी	टिको	7	4382	32.40	1.90	1.55	8.07	348	52,405
16	जीरा देवी	महतोटोली	6	3622	32.97	2.07	1.47	6.48	399	51,785



प्रत्येक गाँव का श्रेष्ठ मुर्गीपालक सदस्य

क्र.सं	सदस्य के नाम	कोड	गाँव	बैच	कुल चूजा प्लेसमेंट	औसत दिन	औसत वजन	ऍफ सी आर	औसत मृत्यु दर	EI	कुल ग्रोवर चार्ज
1	कलावती देवी	0513	कुंदगडा	6	2974	32.06	2.00	1.46	6.03	401	41396
2	जीरा देवी	1805	महतोटोली	6	3622	32.97	2.07	1.47	6.48	399	51787
3	तेतरी देवी	2029	मासियातू	5	2126	30.59	1.88	1.45	5.11	396	27575
4	सरिता कुजूर	1111	महुवाटोली	7	3659	32.42	1.99	1.48	5.64	389	49617
5	शांता देवी	0954	डोरोटोली	6	2958	32.01	1.92	1.48	4.19	386	39859
6	अंजू उरांव	2613	बरवाटोली	5	2536	31.82	1.88	1.40	7.65	385	32418
7	रीता देवी	1025	गोपिटोली	6	9038	32.53	1.98	1.49	5.57	384	122473
8	जीरामुनी देवी	4002	धौरा	6	2548	32.73	1.95	1.50	3.91	382	34397
9	सरोज भगत	2222	सरनाटोली	5	1838	32.09	1.94	1.49	6.40	378	24032
10	सालमी उरांव	3010	गर्भुटोली	6	2895	34.63	2.11	1.55	5.42	373	41598
11	संतोषी देवी	3406	टिको	7	3196	33.16	2.01	1.53	4.68	373	44291
12	साधनी भगत	0308	बारीडीह	6	1972	33.24	2.07	1.56	9.38	363	26344
13	ताजमुनि देवी	1220	जिदो	6	2641	33.09	1.94	1.51	10.22	346	30959


तेरहवीं वार्षिक आम सभा
वर्ष - 2024-2025
दिनांक - 11/09/2025
एकता शक्ति प्रगति




न प्रगति




तेरहवीं वार्षिक आम सभा
वर्ष - 2024-2025
दिनांक - 11/09/2025
एकता शक्ति प्रगति






तेईसवीं वार्षिक आम सभा
वर्ष - 2024-2025
दिनांक - 11/09/2025
एकता शक्ति प्रगति





समिति का संरचना

आम सदस्य

कार्यकारिणी बोर्ड
आम सभा के द्वारा सभी गॉव/टोला से चयनित सदस्य

समिति का प्रबंधक

- कर्मचारियों का चयन
- कर्मचारियों का नियुक्ति एवं उचित दिशानिर्देश देना
- कार्य समीक्षा करना एवं उचित निर्णय लेना

अकाउंटेट

- लेखा जोखा रखना एवं पेमेंट करना
- समिति का व्यवसाय का समीक्षा करना (खरीद दर-बिक्री दर)
- सदस्यों का समस्या को सुनना एवं उसका निवारण करना
- समिति का मासिक लाभ हानि खाता बनाना एवं उसका समीक्षा करना
- समिति का वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट तैयार करना

निरीक्षण

सुपरवाइजर

- रोजाना सभी शेड का निरीक्षण करना
- सदस्यों को चुजा, दाना, दवा, वैक्सीन आदि का वितरण करना
- सभी सामग्री का हिसाब रखना
- सदस्य का उत्पादन पुस्तिका को अपडेट करना
- डेली मोर्टलिटी रिपोर्ट, साप्ताहिक रिपोर्ट आदि निधांरित कप से साझा करना
- तैयार मुर्गियों का बिक्री का हिसाब रखना

उत्पादन एवं मार्केटिंग स्टाफ

उत्पादन स्टाफ

- डेली फील्ड विजिट करना एवं मुर्गियों का पोस्टमोर्टम करना, बीमारी के अनुसार उपचार करना
- दाना, दवा वैक्सीन आदि की सही मात्रा सुनिश्चिव करना और सुपरवाइजर को सुचित करना
- डेली, साप्ताहिक एवं माशिक रिपोर्ट का समीक्षा करना
- साप्ताहिक सुपरवाइजर मीटिंग, गांव स्तरीय साप्ताहिक उत्पादन मीटिंग, मासिक क्लस्टर मीटिंग निधमिंत कप से करना

मार्केटिंग स्टाफ

- उचित मुल्य पर कच्चे सामग्रियों का क्रय करना
- उचित बाजार दर पर तैयार मुर्गियों का विक्रय करना
- समय समय पर बाजार का समीक्षा करना, नए व्यापारियों को जोड़ना
- मुर्गी बिक्री का हिसाब रखना

सहायता

आम सदस्य

व्यक्तिगत इकाई का प्रबंधन





संघ का गीत

सपने जोड़ो बंधन तोड़ो, अब तो आगे बढ़ना है ।
अभी तो थोड़ी दूर चले है, आगे बहुत निकलना है ।
मिलकर हमने अब अपनी एक पहचान बनायीं है ।
सपना पूरा होगा एक दिन हम में हिम्मत आई है ।
हाथ मिलाओ, साथ मिलाओ, अभी तो आगे बढ़ना है।
अभी तो थोड़ी दूर चले है, आगे बहुत निकलना है ।
दूर अभी मंजिल बहुत है, और ऊँची बहुत चढ़ाई है ।
एक दिन हम छू लेंगे शिखर, हम में हिम्मत आई है ।
नारे जोड़ो, चुप्पी तोड़ो अब मुश्किलों से लड़ना है ।
अभी तो थोड़ी दूर चले है, आगे बहुत निकलना है ।

संघ के नारे

हाथो को रोजगार, महिलाओ को सम्मान ।
यही हमारे संघ की पहचान ।
गरीब नारियों को जोड़ना है, मुर्गीपालन बढ़ाना है ।
हर गाँव को करेंगे आबाद, भारतीय नारी जिंदाबाद।
महिलाओ की है पुकार, मुर्गी पालो करो सुधार ।
बंद करो ये झगड़ा, हमारा मुर्गी सबसे तगड़ा ।
महिला शक्ति जगायेंगे, मुर्गी उत्पादन बढ़ायेंगे ।
मिलकर विकास लायेंगे, सुनहरा भाबिष्य बनायेंगे।
ये संघ का नारा है, ये संघ हमारा है ।



अभिस्वीकृति

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार
नेशनल स्माल होल्डर पोल्ट्री डेवेलपमेंट ट्रस्ट (NSPDT)
झारखण्ड राज्य आजीविका संवर्धन समाज (JSLPS)
प्रोफेशनल अस्सिटेंस फांर डेवेलपमेंट एक्शन (PRADAN)